National Platform for Domestic Workers - Delhi Unit

Lokhande Bhawan, F-52, Vikas Nagar, Uttam Nagar, New Delhi-110059

E-mail : npdomesticworker@gmail.com Phone : 09891264064, 09868815915

Delhi Gharelu Kamgar Sangathan	Domestic Workers Forum	Gharelu Kamgar Sangathan-Gurgaon	National Domestic Workers Movement-Delhi	Sewa - Delhi	Nirmala Niketan Cooperative Society of Tribal Domestic Workers
Anita Juneja	Anushikha	Anannya Bhattacharjee	Leeza Joseph	Soniya Rani	Subhash Bhatnagar - 9810810365
9891264064	9654843066	09810970627	9540507970	9711922005	

सेवा में,
श्रम मंत्री
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के सरकार
दिल्ली

विषय : घरेलू कामगारो के लिये दिल्ली की सरकार द्वारा एक सामाजिक सुरक्षा के कानून हेतू

1. हम दिल्ली के घरेलू कामगारों के संगठनों की ओर से यह ज्ञापन दे रहे हैं। दिल्ली में 24 घण्टे नियोक्ता के घर पर रह कर काम करने वाली घरेलू कामगारोंकी संख्या दो लाख से अधिक है। इनमे से अधिकांश झारखण्ड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के उत्तरी क्षेत्र और आसाम के चायबागान की आदिवासी लड़कियां और महिलायें हैं, जिनमें बाल श्रमिकों और मानव तस्करी के शिकार होने वाली लड़कियों की भारी संख्या है। दिल्ली की झुग्गी–झोंपड़ी बस्तियों, पुनर्वास बस्तियों, शहरी–गावों, और गरीब बस्तियो में रहने वाली छह (6) लाख से अधिक महिलाएं लगभग तीस लाख घरों में पार्ट टाईप घरेलू काम करती हैं। इनमें काफी संख्या उन महिला निर्माण मजदूरो की भी है जिन्हें चालीस–पैंतालीस साल की उम्र के बाद निर्माण कार्यों में काम नहीं मिल पाता है।
2. हम इस ज्ञापन के साथ 31 जुलाई 2013 को देश भर के घरेलू कामगारों द्वारा संसद की याचिका समिति को दी गई घरेलू कामगारों की याचिका की एक प्रति लगा रहे हैं जिसमें विस्तार से घरेलू कामगारों की कार्य परिस्थिति उनकी विशेष समस्याओं और उनके निराकरण के अनुकूल उपायों का चित्रण है। उनमें से जितने विषयों पर दिल्ली में राज्य स्तरीय कानून बनाया जा सकता है उन विषयों के लिये दिल्ली की सरकार महाराष्ट्र, केरल व तमिलनाडु की तरह राज्य स्तरीय कानून बनाये और अन्य अन्तरराज्यीय विषयों के लिये दिल्ली की विधानसभा केन्द्रीय कानून बनाये जाने की सिफारिश करते हुए एक प्रस्ताव पारित करें।
3. हमारा आपसे अनुरोध है कि सभी घरेलू कामगारो के लिये दिल्ली की सरकार अपने समुचित कानून में घरेलू कामगारो को सामाजिक सुराक्षा देने की व्यवस्था करे, घरेलू कामगारो और उनके नियोक्ताओं दोनो को सुरक्षा और प्लेसमेन्ट एजेंसियो के शोषण से मुक्ति दे और प्लेसमेन्ट एजेंसियों को नियंत्रित कर बाल मजदूरी और मानव तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाये। इस कानून के लिये आर्थिक संसाधन सभी नियोक्तओ का पंजीकरण करके उनसे लिये जायें। घरेलू कामगारों का पंजीकरण कर उनसे भी एक छोटा अंशदान लिया जाये और प्लेसमेंट एजेन्सियों का पंजीकरण कर उनसे भी आर्थिक संसाधन जुटाये जायें। यह कानून घरेलू कामगारों और उनके बच्चों को स्वास्थ्य और शिक्षा की सुरक्षा के साथ साथ दुर्घटना में तुरन्त सहायता और बुढ़ापे में पेन्शन देने की व्यवस्था करे।
4. उपरोक्त कानून के बनने तक दिल्ली की सरकार घरेलू कामगारों को संगठन बनाने का अधिकार देने के लिये उनकी ट्रेड यूनियन पंजीकृत करने और उनको कामगार मानकर नियोक्ता से उनको न्यूनतम मजदूरी नहीं मिलने पर श्रम विभाग द्वारा नियोक्ताओं से उनकी मजदूरी के विवाद का निपटारा करने का प्रशासनिक आदेश निकाले। दिल्ली सरकार पूर्णकालीन प्रवासी घरेलू कामगारों के त्रिमासिक स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था करे, उनके लिये संकट में आश्रय गृह की व्यवस्था करे और उन्हें शारीरिक–यौनिक शोषण से सुरक्षा सुनिश्चित करे। दिल्ली सरकार के ये कदम अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन के 189वें कन्वेन्शन के अनुरूप ठोस कदम होंगे जो नारी सुरक्षा को भी सुनिश्चित करेंगे।
5. दिल्ली सरकार 24 घंटे नियोक्ता के घर पर रहकर काम करनेवाली और विभिन्न घरों में काम करने वाली घरेलू कामगारों, दोनों के लिये,अलग अलग न्यूनतम मजदूरी की दर की घोषणा करें।
6. दिल्ली की सरकार उन आदिवासी प्रान्तों से द्वि–पक्षिय अनुबन्धन करके, जिन प्रान्तों से अधिकांश आदिवासी घरेलू कामगार दिल्ली में काम करने आती हैं ,इन घरेलू कामगारों को कई ऐसी सामाजिक सुरक्षाएं देने की पहल कर सकती है जो फिलहाल विभिन्न कानूनों के बावजूद उन्हें उपलब्ध नहीं है जैसे अन्तरराष्ट्रीय प्रवासी मजदूर अधिनियम –

उपरोक्त अनुरोध पर यथाशीघ्र दिल्ली की सरकार को औपचारिक घोषणा के इन्तजार में –

निर्मला निकेतन
(आदिवासी घरेलू कामगारों की सहकारी समिति)

दिल्ली घरेलू कामगार यूनियन

दिल्ली डोमेस्टिक वर्कर्स फोरम

नेशनल डोमेस्टिक वर्कर्स मूवमेन्ट

सेवा

घरेलू कामगार संगठन–गुड़गांव

Advisors

Dr. Devaki Jain **Ms. Ela Bhatt** **Ms. Mohini Giri**

National Convenors:

Sr. Celia
Karnataka Domestic Workers Union

Fr.Chetan
National Domestic Workers Movement

Geetha Ramakrishna
Unorganised Workers Federation- Tamil Nadu

Sr. Lissy
National Domestic Workers Movement

Medha Thatte
Pune City Domestic Workers Organisation

Nalini Nayak
SEWA- Kerala

Subhash Bhatnagar
Nirmala Niketan Cooperative of Tribal Domestic Workers

Bro. Varghese Theckanath s.g.
Montfort Social Institute (MSI-DWFI)